भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1932
गुरुवार, दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने हेतु

इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-II

1932. श्री पी.सी. मोहनः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक में इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-II (इनएसटीएस जीईसी-II) के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) इस योजना के कार्यान्वयन में किन-किन प्रमुख चुनौतियों और गतिरोधों का सामना करना पड़ रहा है; और

(ग) इनएसटीएस जीईसी-II योजना को पूरा करने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर. के. सिंह)

(क) कर्नाटक में कार्यान्वयन एजेंसी, कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केपीटीसीएल) ने इंट्रा-एसटीएस जीईसी-II परियोजना को 10 पैकेजों में बांटा है। दिनांक 30.11.2023 की स्थिति के अनुसार, सात पैकेज आवंटित किए गए हैं और इन सात पैकेजों में से छह में कार्य शुरू कर दिया गया है। शेष तीन पैकेजों के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी की गई है।

(ख) योजना के कार्यान्वयन में आ रही चुनौतियों और बाधाओं में मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) संबंधी मामले, वन मंजूरियाँ आदि हैं।

(ग) अनुमोदित योजना के अनुसार, परियोजनाओं को वित्त वर्ष 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

*****